अमर उजाला 06/11/2025

पर्यावरण बचाव के लिए लगाएं पेड़-पौधे : नैन

पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सदस्य। कॉलेज

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के एनसीसी यूनिट की ओर से सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की देखरेख में किया गया।

एनसीसी यूनिट के इंचार्ज कैप्टन डॉ. एसएस नैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का मतलब है पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करना, उसकी रक्षा करना और उसे बनाए रखना। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने चाहिए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने पर्यावरण का संदेश देते हुए कहा कि हम सब मिलकर प्रदूषण को मिटाएंगे और अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंगे।

उन्होंने सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य एवं स्टाफ सदस्यों के सहयोग की तारीफ की। इस अवसर पर डॉ. सरोज बाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। संवाद